# प्रदेश के छोटे शहर भी बन रहे निवेशकों की पसंद : मुख्य सचिव

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊः** निवेश को आकर्षित करने और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति 2024 के प्रचार-प्रसार के लिए इन्वेस्ट यूपी द्वारा मंगलवार को आयोजित कान्क्लेव में निवेशकों ने उत्साह दिखाया। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आठ साल पहले यूपी निवेशकों के लिए पहला विकल्प नहीं होता था। अब स्थिति बदल गई है। यूपी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। प्रदेश के टियर-दो और टियर-तीन शहरों में भी निवेश गति पकड़ रहा है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा जीसीसी हब के रूप में उभर रहे हैं। सरकार से लेकर अधिकारी तक इस दिशा में काम रहे हैं।



मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह (फाइल फोटो)

- जीसीसी कान्क्लेव में निवेशकों ने दिखाया उत्साह, 20 से अधिक कंपनियां हुईं शामिल

होटल ताज में हुए आयोजन में मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले सात-आठ साल में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को दोगुणा करने के उप्र जैसे उदाहरण दुनिया में बहुत कम हैं। बेहतर नीतियों से दुनिया भर के निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। नोएडा-ग्रेटर नोएडा की तरह बुंदेलखंड में औद्योगिक केंद्र विकसित किया जा रहा है। सभी एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज पर इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर के लिए छह हजार एकड़ जमीन ली जा चुकी है। उन्होंने हितधारकों से सुझाव देने का भी आग्रह किया। प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने निवेशकों को जीसीसी निवेश के लिए पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाया। प्रमुख सचिव आइटी और इलेक्ट्रानिक्स अनुराग यादव, प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्वेस्ट यूपी विजय किरन आनंद और उपाध्यक्ष एलडीए प्रथमेश कुमार ने सुविधाओं आदि की जानकारी दी। आयोजन में एसआरके गेमचेंजर्स, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, स्व-इंडिया, टेक्यान नेटवर्क्स, टीसीएस, ट्राइडेंट, यूएसइन फाउंडेशन, वेलोसिस सिस्टम्स, डेलायट, यूएस इंडिया, एचसीएल, माइक्रोसाफ्ट, अम्हेक, सेटी, वेंचर लिफ्ट, इवानी, हाई-टेक मेडिक्स, ईवी बूथ, पाजिट्राई, केएनपी, बायोजेंटा, जेबीजेएम ग्रुप, जेनरोबोटिक्स आदि कंपनियां शामिल हुईं। कई कंपनियों ने जीसीसी में निवेश की प्रतिबद्धता जताई। सहमति बनी कि बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में जीसीसी कान्क्लेव करने और विदेशी निवेशकों के लिए अमेरिका व यूरोप के अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंक के साथ रोड शो किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक यूपीडेस्को नेहा जैन आदि उपस्थित थे।

**नोएडा में जीसीसी स्थापित करेगा ट्राइडेंट ग्रुपः** माइक्रोसाफ्ट इंडिया के वरुण रमनन ने मंजूरी, भूमि आवंटन और सब्सिडी में यूपी के समर्थन की सराहना की। नासकाम के क्षेत्रीय प्रमुख उत्तर भारत अमित वर्मा, एमएक्यू साफ्टवेयर के संस्थापक राजीव अग्रवाल और टीसीएस लखनऊ के केंद्र प्रमुख और प्रमुख सलाहकार अमिताभ तिवारी ने सरकार की नीतियों की सराहना की।

ट्राइडेंट ग्रुप के बोर्ड सदस्य निर्मलजीत सिंह कालसी ने नोएडा में जीसीसी स्थापित करने की योजना की घोषणा की।

## डीजी आशीष गुप्ता सेवानिवृत्त, डीजीपी ने दी विदाई

**राज्य, जागरण, लखनऊ :** डीजी रूल्स एंड मैनुअल के पद पर तैनात 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी आशीष गुप्ता सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने बीते दिनों स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मांग की थी, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी थी। 1993 बैच के आइपीएस अधिकारी एसबी शिरडकर अब वरिष्ठता क्रम में डीजी के पद पर प्रोन्नत होंगे। वह वर्तमान में एडीजी लखनऊ जोन के पद पर तैनात हैं। पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को आशीष गुप्ता को विदाई दी गई। डीजीपी राजीव कृष्ण ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके सेवाकाल की उपलब्धियां याद कीं।